पाठ 8. परमवीर सेनानी

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्‌देश्य बच्चों में भावनाओं पर नियंत्रण संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे उत्तेजित व उद्‌वेलित करने वाले कारकों से सकारात्मक रूप से निपटने की क्षमता बढ़ा सकें। देश की रक्षा के लिए सीमा पर जाँबाज़ सेना कैसे अपनी जान पर खेलकर देश की रक्षा करती है, इसी बात को साकार करता है यह पाठ। इसमें प्रेरणा देने वाले व्यक्तित्व का धनी एक सिपाही कलुआ और देश के लिए मर मिटने वाले योद्‌धा अब्दुल हमीद की वीरतापूर्ण कुर्बानी का वर्णन है।

पाठ का सार

पूर्वी उत्तर प्रदेश के एक छोटे-से गाँव में अब्दुल हमीद के पिता की दर्ज़ी की दुकान थी। पिता चाहते थे कि अब्दुल इसी काम को सँभाले। जब पिता को लगा कि बेटा सेना में भर्ती होने के सपने देखने लगा है तो उन्होंने उसके पाँव में शादी की बेड़ियाँ डाल दीं। अब्दुल की पत्नी रसूलन बहादुर थी। उसने अपने पति को सेना में भर्ती होने के लिए जाने दिया। जब भारत-पाकिस्तान युद्‌ध हुआ तब अब्दुल हमीद ने सीमा पर मोर्चा सँभाला और अंतिम दम तक लड़ते हुए शहीद हो गया। इस प्रकार इस अमर शहीद ने भारत माँ का मस्तक गर्व से ऊँचा किया।

अध्यापन संकेत

- **मूल पाठ के लिए संकेत**

  यदि संभव हो तो कक्षा में देशप्रेम से संबंधित गीतों की पंक्तियाँ सुनकर या सुनाकर वातावरण बनाएँ। पाठ का सार कक्षा में बताते हुए पाठ को दो भागों में बाँटकर वाचन करवाएँ। बच्चों के उच्चारण पर विशेष ध्यान दें। शब्दों के अर्थ लिखवाए व बताए जा सकते हैं। सेना से जुड़ी जानकारी दी जा सकती है।

- **अभ्यास प्रश्नों के लिए संकेत**
  - **मौखिक प्रश्नों, पहेलियों, पठित परिच्छेद** व **पाठ आधारित प्रश्नों** के अध्यापन संकेत हेतु **पृष्ठ संख्या 93** देखें।
  - **भाषा आधारित प्रश्नों** का उद्‌देश्य हिंदी भाषा के व्याकरण-पक्ष को सुदृढ़ करना है।
  - मुहावरे भाषा में लोच लाते हैं व प्रभावी संप्रेषण की दृष्टि से ये महत्वपूर्ण हैं, यह समझाएँ।
  - कर्म के आधार पर क्रिया के रूप समझाएँ। सकर्मक व अकर्मक क्रियाओं की पहचान का तरीका बताएँ।

- **क्रियाकलाप के लिए संकेत**
  - सेना के पदकों के बारे में जानकारी दें। बच्चों को बताएँ कि परमवीर चक्र सेना में अद्‌वितीय साहस का परिचय देने वाले को मिलता है। इसी प्रकार, महावीर चक्र और वीर चक्र भी उन बहादुर सैनिकों को सम्मानस्वरूप दिया जाता है जिन्होंने युद्‌ध में वीरता दिखाई हो।
  - कारगिल युद्‌ध कब और क्यों हुआ था, इसके बारे में संक्षिप्त विवरण दें। बच्चों को यह भी बताएँ कि इस युद्‌ध का क्या परिणाम निकला था।